Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding time-schedule of OPD in Medical Colleges and hospitals -laid.

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट (पुणे): मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज और डिस्पेंसरी में आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी) के समय के बारे में निवेदन करना चाहता हूं ।

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं । कुछ मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को केन्द्र सरकार द्वारा हर साल अनुमति दी जाती है । मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी) का सामान्य समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक है । रोगियों की भारी भीड़ के कारण इस छोटी अवधि के दौरान सभी रोगियों की जांच नहीं हो पाती है, जिससे रोगियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है ।

जैसा कि सबको ज्ञात है कि समय के साथ-साथ जनसंख्या और रोगियों में भारी वृद्धि हुई है । सार्वजनिक स्वास्थ्य को देखते हुए रोगी विभाग को केवल पांच घंटे की सेवा देना उचित नहीं है । रोगियों को देखने के लिए आउट पेशेंट डिपार्टमेंट को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे और दोपहर 2 बजे से 7 बजे तक चलाया जाना चाहिए । इस प्रपोज़ल को जनहित में लागू करते हुए हैल्थ डिपार्टमेंट को निर्देश दिया जाए ।